-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 14.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा देर रात्रि थाना बबेरु व कमासिन का किया गया औचक निरीक्षण। दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

विवरण- दिनांक 13/14.09.2024 की देर रात्रि अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा थाना बबेरु व कमासिन का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारियों से उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया कि लोक अदालत में अधिक से अधिक निस्तारण का प्रयास किया जाए। इस दौरान गणेश प्रतिमा विसर्जन व्यवस्था की भी समीक्षा की गई तथा बारावफात पर्व को कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।